Q.P. Code : 10203

Second Semester B.A./B.S.W. Degree Examination, May/June 2019

(CBCS – Semester Scheme)

Language Hindi

Paper II – POETRY, COMPREHENSION AND TRANSLATION

Time : 3 Hours] *[Max. Marks : 70*

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। **(10 × 1 = 10)**

1. राम नाम पुकारते–पुकारते किस पर छाला पड़ा?

2. जसोदा पालने में किसे भुला रही थी?

3. कैकेयी के दासी का नाम क्या था?

4. भीष्म किसे उपदेश देते है?

5. सुख भरे सुनहले बादल किसे घेरे रहते हैं?

6. दत्तात्रय का चौकिदार कौन है?

7. ''संयुक्त परिवार'' कविता के कवि का नाम लिखिए।

8. किसने बहुत सहूलियत बख्शी है?

9. विधवा हो जाने की नियति में क्या जबरदस्ती की गई?

10. काश्मीर में बर्फ गिरने पर क्या–क्या जम गए?

Scanned by CamScanner

II. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(1 × 7 = 7)**

1. चकई विछुरि रैंनि की आइ मिले परभाति।
   जे नर बिछुरे राम सौं, ते दिन मिले न रीत।।

2. मैया मोरी मैं नहिं माखन खायो,
   भोर भयो गैयन के पाछे, मधुबन मोहि पठायो।
   चार पहर बंसविट भटक्यो साँझ परे घर आयो।
   मैं बालक बहियन को छोटो, छींको केहि विधि पायो।

(आ) निम्नलिखित में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(1 × 7 = 7)**

1. आशा आलोकित करती।
   मेरे जीवन को प्रतिक्षण।
   है स्वर्ण–सूत्र से वलीयत।
   मेरी असफलता के धन।

2. न्यायोचित सुख–सुलभ नहीं जब तक मानव–मानव को,
   चैन कहाँ धरती पर, तब तक शान्ति कहाँ इस भव को।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **(1 × 16 = 6)**

1. कैकेयी का पश्चाताप्
2. दूर तारा

IV. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए। **(2 × 5 = 10)**

1. संयुक्त परिवार की प्रासंगिकता
2. कुत्ते की आत्मकथा
3. वृंदावन

Scanned by CamScanner

V. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1 × 10 = 10)

मैं नहीं जानता कि 'पढ़ाई में सुन्दर लेखन होना आवश्यक नहीं है' यह गलत ख्याल मुझे कैसे हो गया था, बाद में और खास करके दक्षिण अफ्रिका में, जब मैंने वकीलों के तथा दक्षिण अफ्रिका में जन्में और पढ़े-लिखे नवयुवकों के मोती के दानों जैसे अक्षर देखे, तो मैं शरमाया और पछताया। मैंने अनुभव किया कि खराब अक्षर अधूरी शिक्षा की निशाजी मानी जानी चाहिए बाद में मैंने अक्षर सुधारने का प्रयत्न किया, पर पक्के घड़े पर कही गला जुड़ता है? जवानी में मैंने जिसकी उपेक्षा की, उसे मैं आज तक नहीं कर सका, अच्छे अक्षर सीखने के लिए चित्रकला आवश्यक है। मेरी तो राय बनी है कि बालकों को चित्रकला पहले सिखानी चाहिए। जिस तरह पक्षियों, वस्तुओं आदि को देखकर बालक उन्हें याद रखता है और आसानी से उन्हें पहचानता है, उसी तरह अक्षर पहचानना सीखे और जब चित्रकला सीखकर चित्र आदि बनाने लगे तभी अक्षर लिखना सीखे तो उसके अक्षर छपे अक्षरों के समान सुंदर होगे।

1. दक्षिण अफ्रिका में गांधी जी ने क्या देखा?

2. गांधी जी ने क्या अनुभव किया?

3. गांधी जी ने क्या सुधारने का प्रयत्न किया?

4. अच्छे अक्षर सीखने के लिए क्या आवश्यक है?

5. बालक आसानी से किसे पहचानता है?

6. पक्के घडे पर कहीं गला जुड़ता है? इस वाक्य का आशय स्पष्ट कीजिए।

7. 'प्रयत्न' शब्द का सामनार्थी शब्द लिखिए।

8. 'सुंदर' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

9. 'पक्षी' शब्द का दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

10. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

Scanned by CamScanner

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (10 × 1 = 10)

1. Ability
2. Background
3. Establishment
4. Incredible
5. Mismanagement
6. Perusal
7. Schedule
8. Tribute
9. Virtue
10. Zeal

Scanned by CamScanner